हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 264 देहरादून, शनिवार, 15 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने बद्रीनाथ में दिए बेहतर सुविधाओं के निर्देश 3

# डॉ. अंबेडकर के योगदान के लिए देशवासी कृतज्ञ रहेंगे : धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चंपावत 15 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत में नरसिंह डांडा के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती पर उनके चित्र में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर जी ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया। जाति प्रथा और इससे उत्पन्न होने वाले सामाजिक कुप्रभावों को लेकर देश में एक मजबूत आवाज उठाई थी। भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ.अंबेडकर जी के योगदान के लिए देशवासी सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे। आधुनिक भारत की नींव तैयार करने में भी बाबा साहब की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने सामाजिक, कानूनी तथा राजनीतिक क्षेत्र में भी देश व समाज के लिए अनेक महान कार्य किए। उन्होंने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य किए जा रहे हैं। जन धन योजना, आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि या फिर 80 करोड़ लोगों को राशन देने का कार्य हो आज मोदी जी के नेतृत्व में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, बाबा केदार की भूमि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, इस दिशा में राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है।



चारधाम यात्रा एवं कावड़ यात्रा में पिछले साल श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई। इस साल चारधाम यात्रा में और अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं मंडल के सभी मंदिरों का सौंदर्यीकरण कर उनमें अवस्थापना सुविधाएं विकसित कर उन्हें जोड़ने का कार्य एक सर्किट के रूप में किया जा रहा है। देश में उत्तराखंड राज्य एक ऐसा राज्य होगा जो प्रत्येक क्षेत्र में आगे होगा। उत्तराखंड का मॉडल पूरे भारत के लिए एक मॉडल बनेगा। इस अवसर पर लोहाघाट ग्रोथ सेंटर में 40 महिलाओं को रोजगार देने वाली नारायणी देवी को उनके इस सरहनीय कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया और इसी तरह आगे को भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि जिला पुस्तकालय चंपावत का और अधिक विस्तारीकरण किया जाएगा, साज सज्जा का भी कार्य किया जाएगा। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंह डांडा का इंटरमीडिएट में उच्चीकरण किया जाएगा। नरसिंह डांडा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। नरसिंह डांडा में लिफ्ट पेयजल योजना का निर्माण किया जाएगा। नरसिंह डांडा में अंबेडकर भवन का निर्माण किया जाएगा। नरसिंह डांडा की भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को मालिकाना हक दिलाए जाने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा। सिद्ध नरसिंह मंदिर कालू खान का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, ब्लाक प्रमुख चंपावत रेखा देवी बाराकोट विनीता फर्त्याल पार्टी सुमनलता, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, भाजपा जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा गोविंद प्रसाद, जनपद प्रभारी भाजपा गणेश भंडारी, महामंत्री मुकेश कलखुडिया, जिलाध्यक्ष एस सी प्रकोष्ठ मदन राम,ग्राम प्रधान नरसिंह डांडा कविता देवी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक अधिकारी, जनता मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद टम्टा द्वारा किया गया।



## उत्तराखण्ड दौरे पर देहरादून पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तीन दिन के उत्तराखण्ड के दौरे पर आज देहरादून पहुंचे। गढ़ी कैंट देहरादून स्थित डॉ बी.आर. अम्बेडकर मेमोरियल पार्क पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर पार्क में स्थित उनकी मूर्ति पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और देश की पूर्व प्रथम महिला सविता कोविंद ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



इस दौरान मूर्ति के नए स्वरूप को देखकर कोविंद ने कैंट बोर्ड के अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने इस मूर्ति के संबंध में अपनी स्मृति साझा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान बाबा साहेब की मूर्ति के छोटा और उनके गरिमा के अनुरूप न होने की बात को राज्यपाल जी ने संज्ञान लेते हुए इस मूर्ति का जीर्णोद्धार कर एक नया और भव्य स्वरूप दिया है, जिसके लिए उन्होंने राज्यपाल सहित कैंट बोर्ड के सभी अधिकारियों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए अध्यक्ष कैंट बोर्ड ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता और सीईओ अभिनव सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## तुंगनाथ के कपाट 26 अप्रैल और मद्महेश्वर के 22 मई को खुलेंगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। बैसाखी के पावन पर्व पर द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर और तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट खोलने की तिथि घोषित कर ली गई है। मद्महेश्वर मंदिर के कपाट 22 मई और तुंगनाथ मन्दिर के कपाट 26 अप्रैल को तीर्थयात्रियों के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। इधर, बैसाखी पर भक्तों ने ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान मदमहेश्वर के पुष्परथ के भव्य दर्शन किए। पूर्व परम्परानुसार पंचाग गणना के आधार पर ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान मद्महेश्वर धाम के कपाट खोलने की तिथि तय की गई। मद्महेश्वर भगवान की डोली 18 मई को गर्भगृह से मंदिर परिसर में लाई जाएगी। इसी दिन स्थानीय लोगों द्वारा नए अनाज का भोग लगाया जाएगा। 19 मई को सभामण्डप में विश्राम के बाद 20 को ओंकारेश्वर मन्दिर से डोली राकेश्वरी मन्दिर रांसी पहुंचेगी। 21 को रांसी से गोंडार, 22 को गोंडार से मदमहेश्वर धाम में पहुंचेगी, जहां पर मृगशिखा लग्न में मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। वहीं भगवान तुंगनाथ की डोली 24 अप्रैल को गर्भगृह से मंदिर परिसर में आएगी जबकि इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा नए अनाज का भोग लगाया जाएगा।

डोली भूतनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। 25 को भूतनाथ मंदिर से चोपता, 26 को डोली चोपता से तुंगनाथ के लिए प्रस्थान जिसके बाद दोपहर 11 बजे मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। इस मौके पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, मठापति रामप्रसाद मैठाणी, जयंती प्रसाद कुर्मांचली, ईओ रमेशचंद्र तिवारी, पूर्व प्रमुख लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, पुजारी शिवशंकर लिंग, वागेशलिंग, शिवलिंग लिंग, अर्जुन रावत, पूर्व क्षेपंस शिवानन्द पंवार, प्रधान वीर सिंह पंवार, मदन पंवार आदि मौजूद थे।

**पुष्परथ में विराजमान भोगमूर्ति के भक्तों ने किए दर्शन :** ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पूर्व परम्परानुसार दोपहर सवा दो बजे मंदिर में मद्महेश्वर भगवान की भोगमूर्ति को पुष्परथ में विराजमान किया गया। जिसके बाद मन्दिर की पांच परिक्रमा की गई। वहीं स्थानीय लोगों ने जौ, फूल, अक्षत से भगवान का स्वागत करते हुए सुख एवं समृद्धि की कामना की।

# क्या आपने भी फिट रहने के लिए चावल खाना बंद कर दिया ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 अप्रैल , जब कभी हम डायट के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले कार्बोहाइड्रेट कम करने के लिए रोटी और चावल खाना छोड़ देते हैं। खुद को फिट बनाने की कोशिश में हम ज्वार, बाजरा और रागी जैसे मोटे अनाजों का ज्यादा इस्तेमाल करने लगते हैं। लेकिन कई लोग यह नहीं जानते कि कुछ तरह के चावल ऐसे भी होते हैं, जो सेहत को नुक़सान नहीं पहुँचाते। डाइटिशिअन द्वारा बताए जाने वाले ब्राउन राइस के अलावा, केरल में पाया जाने वाला पलक्कड़ राइस या लाल मट्टा चावल भी काफ़ी फ़ायदेमंद होता है।

अगर आप केरल में हैं और बाहर खाना खाने जाते हैं, तो वैसे तो कई तरह की सब्जियां और व्यंजन आपको मिलेंगे, लेकिन एक चीज़ जो हर थाली में आपको मिलेगी, वह है मट्टा चावल। इसे रोजमट्टा या पलक्कड़ चावल के नाम से भी जाना जाता है और ज़्यादातर पलक्कड़ क्षेत्र में उगाया जाता है। चावल की इस क़िस्म को जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग भी मिला हुआ है। यह चावल बिना छिल्के का होता है या



थोड़ा-बहुत छिल्का रहता है, इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण और एंथोसायनिन होने की वजह से यह लाल रंग का दिखता है। इसका स्वाद भी बाकी तरह के चावलों से अलग होता है।

**ज्यादा फाइबर**

अपनी आंतों को स्वस्थ रखने के लिए हमें भरपूर फाइबर की जरुरत होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, एक चौथाई कप लाल चावल में लगभग 2 ग्राम फाइबर होता है, जो हमारे रोज़ के लिए ज़रूरी फाइबर का लगभग 8 प्रतिशत है। ज़्यादा फाइबर होने की वजह से लाल चावल में कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जबकि सफ़ेद चावल में साधारण कार्बोहाइड्रेट होते हैं। यह पाचन में मदद करता है और थोड़ा सा खाकर ही आपका पेट भर जाता है।

**पलक्क्ड़ राइस, डायबटीज़ के मरीज़ों के लिए होता है फ़ायदेमंद**


लाल चावल डायबटीज़ कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो शरीर में ब्लड शुगर लेवल को सही बनाए रखता है। मट्टा चावल में मैग्नीशियम की अच्छी मात्रा होती है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आधे कप लाल चावल में करीब 42 ग्राम मैग्नीशियम होता है, जो दिल, हड्डियों और नसों को सही ढंग से चलाने में मदद करता है। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है, जिससे दिल के दौरे का ख़तरा कम रहता है। शरीर में कम मैग्नीशियम होने से कई बीमारियां और समस्याएं हो सकती हैं।

मट्टा चावल में, सफेद चावल से काफ़ी ज़्यादा कैल्शियम होता है, जिससे दांत और हड्डियां स्वस्थ रहते हैं। इसमें ज़िंक की भी अच्छी मात्रा होती है, जो हमारे इम्युनिटी सिस्टम को मजबूत बनाता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से दिल के दौरे का ख़तरा बढ़ जाता है। मट्टा चावल में चोकर होता है, जो मोनाकोलिन ए से भरपूर होता है और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। मट्टा चावल, विटामिन ए और बी से भी भरपूर होता है, जो आपकी आंखों, इम्युनिटी सिस्टम, त्वचा और प्रजनन के लिए बहुत ज़रूरी है। वहीं विटामिन बी, मेटाबोलिज्म और ऊर्जा को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

**त्वचा के लिए फ़ायदेमंद**

इसमें कई सारे विटामिन और मिनरल मौजूद होते हैं, इसलिए मट्टा चावल आपकी त्वचा के लिए बहुत फ़ायदेमंद होता है। इनमें से कुछ विटामिन शरीर में आरबीसी बढ़ाने में भी मदद करते हैं, जो त्वचा के लिए काफ़ी ज़रूरी होते हैं। लाल चावल की एक और ख़ासियत यह है कि यह ग्लूटन फ्री होता है। इसे ग्लूटन एलर्जी वाले लोगों के साथ-साथ, पेट की समस्या वाले लोग भी खा सकते हैं।

# दिन में ज्यादा सोये तो हार्ट अटैक का खतरा 5 गुना ज्यादा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 अप्रैल , दिल के मरीजों को डॉक्टर आमतौर पर आराम करने की सलाह देते हैं. सिर्फ सुबह-शाम सैर करने को कहते हैं ताकि ब्लड सर्कुलेशन बेहतर रहे. सर्दी के दिनों में तो यह बेहद जरूरी होता है. गर्मियों के दिनों शरीर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है और इसकी वजह से दिल की धड़कन सामान्य से तेज हो जाती है. ऐसे में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है. अब एक नई चेतावनी सामने आई है. डॉक्टरों का कहना है कि अगर आप दिन में काम करते-करते 30 मिनट से ज्यादा झपकी लेते हैं तो खतरनाक है. इससे दिल की धड़कन अनियमित हो सकती है. यानी आपको हार्ट अटैक का खतरा 5 गुना ज्यादा होगा.

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों ने पता लगाया है कि प्रत्येक दिन 30 मिनट की झपकी अनियमित दिल की धड़कन के जोखिम को बढ़ाती है. दुनिया में 4 करोड़ से ज्यादा लोग इस स्थिति का सामना कर रहे हैं. ऐसे लोगों को सामान्य लोगों के मुकाबले 5 गुना ज्यादा जोखमि रहता है. शोधकर्ताओं ने 20 हजार से ज्यादा लोगों के डेटा का विश्लेषण करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला. इन लोगों के दिल की धड़कन अनयिमति नहीं थी लेकिन जैसे ही इन लोगों को नींद लेने के लिए कहा गया, धड़कन अप्रत्याशति रूप से बढ़ गई. इतनी ज्यादा कि कभी भी हार्ट फेल होने की संभावना थी.

डॉक्टरों ने बताया कि दिन में आदर्श झपकी का समय 15 से 30 मिनट है. ऐसे लोगों में अनियमित दिल की धड़कन विकसित होने का जोखिम उन लोगों की तुलना में 56 प्रतिशत कम था, जो आधे घंटे या उससे अधिक समय तक झपकी लेते थे. स्पेन के जुआन रेमन जिमेनेज यूनिवर्सिटी अस्पताल के डॉ डियाज-गुतिरेज ने कहा, रिसर्च से हमें पता चला कि नींद हमारे हार्ट सिस्टम को कितना गंभीरता से प्रभावति कर रही है. अपने तरह का यह पहला अध्ययन है. हमें सतर्क हो जाना चाहिए.

**तीन समूहों में बांटकर की गई रिसर्च**

रिसर्च में शामिल लोगों को तीन ग्रुप में बांटा गया. पहला, जो कभी दिन में झपकी या नींद नहीं लेता था. दूसरा, जिसके सदस्य नियमित तौर पर रोज दिन में कम से कम 30 मिनट सोते थे. और तीसरा, जो 30 मिनट से ज्यादा की नींद दिन में पूरी करते थे. कम दिन की नींद लेने वालों की तुलना में, जो लोग प्रति दिन 30 मिनट या उससे अधिक झपकी लेते थे, उनमें हार्ट अटैक का खतरना पांच गुना ज्यादा था. हालांकि, कुछ मिनट झपकी लेने वालों को खतरा उतना नहीं दिखा.



## संक्षिप्त खबरें

### सूर्यास्त के मनमोहक दृश्य ने मेले को बनाया सतरंगी

विकासनगर। गंगभेवा बावडी मेले के दूसरे दिन भी गर्मी की मार के चलते दिन भर चहल पहल कम रही। लेकिन शाम को सूरज ढलते ही लोग मेला स्थल पर पहुंचने लगे। देर शाम को सूर्यास्त के समय मेला स्थल का दृश्य विहंगम दिख रहा था, जिसका नजारा देखने के लिए लोग मेला स्थल तक पहुंचने लगे। बावड़ी मेला स्थल में चारों ओर लगे स्टॉल, झूले, चर्खी और दूर क्षितिज पर सूर्यास्त की लालिमा। सूर्यास्त की लालिमा जब मेला स्थल पर लगी रंग बिरंगी रोशनी के बीच से छन छन कर आ रही थी तो सतरंगी दृश्य बन गया। झूले, चर्खी में बैठे लोग भी दूर क्षितिज पर अस्ताचलगामी सूर्य की आभा देखने लगे। हालांकि दिन भर गर्मी के चलते मेला स्थल पर सन्नाटा पसरा रहा, जिससे व्यापारियों के चेहरे भी बुझे हुए नजर आए। देर शाम जब लोगों का मेले में आना शुरु हुआ तो व्यापारियों के चेहरे भी कुछ खिले हुए दिखे। अधिकतर लोगों ने झूले, चर्खी का लुत्फ उठाया। इसके साथ ही सजावट के सामान की खरीदारी भी की। मेले में प्रसाधन की दुकान लगाने वाले सर्वेश्वर दत्त, प्रवेश कुमार, रईस, क्रॉकरी विक्रेता मोहसिन, देवेंद्र कुमार ने बताया कि मेले के पहले और दूसरे दिन खरीददार कम आए हैं। जिससे इस बार बिक्री के लिहाज से मेला फीका रहने की आशंका बनी हुई है।

### रैली निकाल दी अग्नि सुरक्षा उपाय की जानकारी

विकासनगर। अग्निशमन सप्ताह के तहत दमकल कर्मियों ने शुक्रवार को सेलाकुई बाजार में रैली निकालकर लोगों को अग्नि सुरक्षा के उपाय बताए। दमकल कार्यालय से शुरु हुई रैली मिलन चौक, हरिपुर निगम रोड, मुख्य बाजार, राजा रोड होते हुए वापस कार्यालय में पहुंची। सेलाकुई बाजार में दमकल कर्मियों ने फायर फाइटिंग उपकरणों का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही मॉक ड्रिल से लोगों को आग लगने के कारण और उससे बचने के उपाय बताए गए। एफएसओ रमेश चंद गौतम ने कहा कि आग लगने पर सबसे पहले दमकल विभाग को सूचित किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि घरों में आग लगने का मुख्य कारण रसोई गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव और बिजली का शॉर्ट सर्किट होता है। इन दोनों ही कारणों से लगने वाली आग से बचाव और आग पर नियंत्रण के उपाय बताए गए।

### मां यमुना के निर्मल जल में देव पालकी को कराया शाही स्नान

विकासनगर। लखवाड़ स्थित महासू देवता मंदिर से देव पालकी को बैसाखी पर्व पर शाही स्नान के लिए ग्रामीण यमुना पुल ले गए। मां यमुना के निर्मल जल में स्नान कराने के बाद वापस मंदिर परिसर में देव पालकी श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए रखी गई। एक स्थानीय ग्रामीण ने देवता को चांदी का सिंहासन भेंट किया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद शुभ लग्न पर देव पालकी ने शाही स्नान के लिए प्रस्थान किया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर शाही स्नान को निकली पालकी पर जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर खुशहाली की मन्नत मांगी। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित शंकर दत्त उनियाल ने मां यमुना के पावन जल में देव पालकी को शाही स्नान कराया। स्थानीय ग्रामीण जनक सिंह ने देवता को चांदी का सिंहासन भेंट किया। इस दौरान गंभीर सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह चौहान, नारायण सिंह तोमर, अजय नेगी, दिनेश नेगी, दौलत सिंह, मेहर सिंह, सुखपाल तोमर, भाव सिंह, भरत सिंह, नरेश चौहान, उदय सिंह आदि मौजूद रहे।

### पांचवी के छात्रों को दी विदाई, नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया

विकासनगर। प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय व्यास नहरी में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह शुक्रवार धूमधाम से मनाया गया। कक्षा पांच उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। जबकि नव प्रवेशी नौनिहालों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही वार्षिकोत्सव में नौनिहालों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समारोह का उद्घाटन जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा आरएस रावत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र रावत और कनिष्ठ उप प्रमुख रितेश असवाल ने किया। प्रधानाध्यापक राकेश राणा विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों के सामने रखी।

# स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने बद्रीनाथ में दिए बेहतर सुविधाओं के निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बद्रीनाथ धाम 15 अप्रैल : चमोली/देहरादून बद्रीनाथ धाम पहुंचकर स्वास्थ्य सचिव ने स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा/स्थलीय निरीक्षण किया। बद्रीनाथ एवं हेमकुंड साहिब यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य के लिए विशेष इंतजाम के तहत यात्रियों को स्वास्थ्य जोखिम को कम करने के लिए तथा यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंतजामों को पुख्ता करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने बदरीनाथ धाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा पड़ाव में पड़ने वाले यात्रा मार्ग में स्थित स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधाओं के स्थलीय निरीक्षण एवं तैयारियों हेतु ,स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार निरीक्षण के दूसरे दिन जनपद चमोली के सुप्रसिद्ध धाम बद्रीनाथ मैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मेडिकल रिलीफ पॉइंट का निरीक्षण किया।

सचिव ने सभी केंद्रों पर यात्रा से पूर्व सभी आवश्यक जीवनदायिनी औषधियों, स्वास्थ्य उपकरण, उच्च हिमालय क्षेत्रों में होने स्वास्थ्य जोखिम को कम करने वाले स्वास्थ्य उपाय व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को यात्रा से पूर्व सुसज्जित करने का मुख्य चिकित्सा अधिकारी निर्देशित किया। सुबह जोशीमठ से आगे 38 किलोमीटर की दूरी पर चार धाम यात्रा निर्माण कार्य के कारण मोटर मार्ग अवरोध था। वहां से पैदल मार्ग को पार करके सचिव स्वास्थ्य एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभी कर्मचारियों सहित बद्रीनाथ धाम पहुंचे ।वहां पर सर्वप्रथम धाम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,एवं एमआरपी का उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग का निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल एवं निर्माणाधीन 50 बेड का हॉस्पिटल का निरीक्षण किया निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल के धीमी गति के लिए निर्माण दाई संस्था को तुरंत निर्माण को पूर्ण करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया।

बद्रीनाथ धाम एवं सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के पड़ाव में पड़ने वाले पांडुकेश्वर एवं गोविंदघाट में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं एमआरपी में भी सचिव के द्वारा सभी स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया गोविंदघाट गुरुद्वारा साहिब मैं पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह द्वारा हेमकुंड यात्रा में स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । सचिव ने हेमकुंड जाने वाले यात्रियों के लिए सभी आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया।



# हेमकुंड पहुंचे स्वास्थ्य सचिव ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली, 15 अप्रैल , यात्रा शुरू होने से पहले सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार जहां यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की नब्ज टटोल रहे हैं तो वहीं उन्होंने हेमकुंड साहिब यात्रा के मुख्य पड़ाव गोविंदघाट पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 20 मई से शुरू होने जा रही श्री हेमकुंड साहिब यात्रा का मुख्य पड़ाव गोविंदघाट है देश-विदेश से आने वाली सिख संगत यही से हेमकुंड साहिब धाम की यात्रा को शुरू करते हैं यात्रा मार्ग पर उचित स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार गोविंदघाट पहुंचे जहां उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया इसके साथ ही हेल्थ एटीएम के जरिए लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए।

## अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के चौथे जुमे की नमाज

काशीपुर। पवित्र माहे रमजान के चौथे जुम्मे को लेकर मस्जिदों में नमाजियों की खासी भीड़ उमड़ी दिखी। तपती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच भी नमाजियों और रोजेदारों केउत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। वहीं छोटे छोटे बच्चों में भी नमाज़ पढने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान रोजेदारों ने अदबो एहतराम के साथ चौथे जुम्मा की नमाज अदा की। शुक्रवार को रमजान के चौथे जुम्मे की नमाज नगर और देहात की मस्जिदों में अलग-अलग समय में रोजेदारों ने अदा की। काशीपुर की बाबा भुल्लनशाह, मदीना मस्जिद, मोती मस्जिद, गंज मस्जिद, दादा मियां मस्जिद, काजीबाग, खालसा, अल्ली खां की मस्जिदों में भी रोजेदारों ने जुमे की नमाज पढ़ी और जरूरतमंदों को जकात-फितरा तकसीम किया। जसपुर की मस्जिदों में नमाज़ से पहले उलेमाओं ने जकात, खैरात एवं फितरे आदि के बारे में बताया। नमाज के बाद उलेमाओं ने सुकून के लिए दुआएं कराई। प्रत्येक मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं, हल्की गर्मी के चलते रोजेदारों ने प्यास की शिदद्त महसूस की।

**साठ रुपये अदा करें फितरा :** जसपुर। इस बार फितरे की रकम साठ रुपये तय की गई है। उलेमाओं ने नमाज के बाद नमाजियों को साठ रुपये प्रति व्यक्ति देने को कहा। बता दें कि फितरा परिवार के सदस्य को देना होता है। यह रकम गरीब, बेसहारा लोग या मदरसों को दी जाती है। रकम के बदले लोग गेहूं चावल भी दे सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने पर दस हजार का जुर्माना

बागेश्वर। जिले के कई पेट्रोल पंप संचालक मनमानी पर उतर आए हैं। इसकी शिकायत लोगों ने जिलाधिकारी से की है। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद पूर्ति विभाग दो दिन से लगातार छापेमारी कर रहा है। दोनों ही दिन लोगों की शिकायत की पुष्टि हुई है। पूर्ति अधिकारी ने एक पंप संचालन पर दस हजार का जुर्माना ठोका है। जुर्माना पंप में महिला प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने और हवा भरने वाली मशीन में ताला लगा मिलने पर हुई है। उन्होंने पंप स्वामियों को निर्देश दिए कि पर्यटक सीजन को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में डीजल एवं पेट्रोल का भंडारण सुनिश्चित करते हुए उसकी सूचना प्रतिदिन जिला पूर्ति कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे, ताकी बाहर से आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान पूर्ति निरीक्षक रवींद्र कुमार बिष्ट, परविंद नेगी, प्रकाश कांडपाल आदि मौजूद थे ।

### सोमेश्वर पुलिस ने परचून की दुकान से 03 पेटी अवैध शराब के साथ दुकानदार को किया गिरफ्तार

बागेश्वर। थाना पुलिस ने दिनांक बीती रात्रि चेकिंग के दौरान सोमेश्वर- रानीखेत सडक़ में सुकराड़ के समीप नंदन सिंह की परचून की दुकान से 3 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है ।आरोपी को गिरफ्तार कर थाना सोमेश्वर में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष विजय नेगी ने जानकारी देते हुए बताया है कि गिरफ्तार दुकानदार नंदन सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी मवे, थाना सोमेश्वर, जिला अल्मोड़ा है। जिससे 03 पेटी में 31बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी, कानि0 सूरज बोरा, एचजी प्रकाश डंगवाल, थाना सोमेश्वर मौजूद रहे।


### सुनील कुमार ने जीती पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता

बागेश्वर। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जालेख से केदारेश्वर मैदान तक राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता का समापन हो गया है। सुनील कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भी नौ मिनट तक पैराग्लाइडिंग की। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेश गडिया ने कहा कि कपकोट में साहसिक खेल की अपार संभावना है। क्षेत्र के संर्वांगीण विकास किया जाएगा। केदारेश्वर मैदान में तीसरे दिन 31 ग्लाइडरों ने उड़ान भरी। इसके बाद प्रथम स्थान पर सुनील कुमार, पंकज मेहता द्वितीय तथा मनीष उप्रेती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें क्रमश 50, 30 तथा 20 हजार रुपये की धनराशि दी गई। मुख्य अतिथि गडिया ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से यहां पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। प्रतियोगिता के सफलता से संचालन हेतु प्रशासन व पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन की सराहना की। जिलाधिकारी पाल ने कहा कि सभी पैराग्लाइडर द्वारा कपकोट को पैराग्लाइडिंग के लिए बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि जिले में पहली बार राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो सफल रहा। जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्या ने सभी के सहयोग के प्रति आभार जताया। भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि दयाल सिंह ऐठानी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी, उप जिलाधिकारी मोनिका, राघवेंद्र पाठक, विष्णु शर्मा, अखीलेश यादेव, धीरेंद्र ठाकुर, एसराज, अखिलेश यादव, राज कुमार, जगदीश जोशी, दीपक पंत, पायलट राजेन्द्र पुनेठा, रामविलास वर्मा, सुनील चौहान, दिनेश कोरंगा, साजिद पी, मनीष मखोलिया, आशिष ठाकुर, शिंदे राम, मदन पोखरिया, दीपक नौगाई, मनीष, प्रवीण कोरंगा, शिवजीत, दिव्या, भुवन चंद्र, दिनेश कोरंगा, संजय राज, मणीकांत एम, पवन नेगी, राजेंद्र पुनेठा, पूरन सिंह, अमृत, मयंक, दीपक आर्या, करन सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राजीव जोशी ने किया।

# अपने बच्चों को गर्मियों में ऐसे करें तैयार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 अप्रैल : अपने बच्चे को सूरज की गर्मी से बचने के लिए सही कपड़े और अक्सेसरीज़ के साथ तैयार रखना ज़रूरी है। एक छोटे बच्चे के लिए सही गर्मियों की पोशाक ढूंढना मुश्किल हो सकता है। सूरज छोटे बच्चों के लिए काफी हानिकारक हो सकता है, इसलिए सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे जितना हो सके ढके रहें। मज़ेदार प्रिंट, चमकीले रंग और एक्सेसरीज़ की अच्छी रेंज खरीदें। जब सूरज निकलता है और पारा चढ़ता है, तो आपके बच्चों को ओवर एक्सपोजर का खतरा होता है। इसलिए, बच्चों के गर्मियों के कपड़ों को समझदारी से चुनें ताकि वे ज़्यादा गरम न हों। गर्म होने पर बच्चे नोटिस नहीं करते हैं, लेकिन यह बुरी खबर है क्योंकि अगर वे अपने शरीर के तापमान पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, तो उन्हें पता नहीं चलेगा कि उनकी त्वचा लाल हो रही है या त्वचा में गहरा रंग होना शुरू हो रहा है। बच्चों के लिए बेहतर होगा की वे बहार तेज़ धुप में काम से काम समय बिताएं, गर्मी का मौसम बच्चों के लिए बहुत





ही आनंददायक होता है। हालांकि मौज-मस्ती का यह मौसम गर्म भी हो सकता है और बच्चों के लिए गंभीर समस्या पैदा कर सकता है। इसलिए ऐसे कपड़े चुने जो आपके बच्चे को ठंडा रखेंगे जैसे की सूती कपड़े। इस प्रकार का कपड़ा अन्य प्रकारों की तुलना में ठंडा होता है। हल्के कॉटन के कपड़ों से उनके शरीर तक हवा पहुंचती है, पसीना सूखता है, जलन नहीं होती और त्वचा को ठंडक पहुंचती है। हल्के रंग के कपड़े सूर्य की अधिकांश किरणों को रिफ्लेक्ट कर देते हैं। इसलिए, वे गर्मियों के दौरान आपके बच्चे को ठंडा रखते हैं। वे गहरे रंग के कपड़ों की तरह गर्मी नहीं सोखते हैं। हलके रंग और पेस्टल रंग सबसे अच्छा काम करते हैं। बच्चों के समर ड्रेस में फ्लोरल प्रिंट्स, प्लेन पेस्टल, ब्राइट येलो, पोल्का डॉट्स बहुत अच्छे लगते हैं। बच्चों के गर्मियों के कपड़ों में काले या बहुत गहरे रंगों का प्रयोग न करें।

# पौड़ी पुलिस ने गुमशुदा पुरुष को किया महाराष्ट्र से सकुशल बरामद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 15 अप्रैल : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल ने गुमशुदा को तत्काल बरामद करने के दिये थे कड़े निर्देश। दिनांक 03.4.2023 को वादी शोभित जोशी पुत्र स्व0 गणेश प्रसाद, ग्राम-सिंमडी, पोस्ट-कंडूली ब्लॉक बीरोंखाल, थाना-धुमाकोट जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा थाना धुमाकोट में सूचना दी कि उनका छोटा भाई अरविन्द जोशी बिना बताए घर से कहीं चले गया है। सूचना पर थाना धुमाकोट पर तत्काल मानव गुमशुदगी संख्या-02/ 2023 पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा त्वरित कार्यवाही कर उक्त गुमशुदा को सकुशल बरामद करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके क्रम में शेखर चन्द्र सुयाल, अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार के निर्देशन, गणेश लाल कोहली, पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार के प्रर्यवेक्षण, थानाध्यक्ष धुमाकोट दीपक



तिवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा परिजनों से गहराई से बात करके परिवार की मानसिक स्थिति का अवलोकन करके ठोस सुरागरसी और पतारसी एवं सर्विलांस का बेहतरीन प्रयोग करते हुए दिनाँक 11.04.2023 को अंधेरी वेस्ट मुम्बई, महाराष्ट्र से सकुशल बरामद किया गया। पौड़ी पुलिस की मानव गुमशुदगी के प्रति गंभीरता और बरामदगी की तत्परता की गुमशुदा के परिजनों द्वारा प्रशंसा की गई और पौड़ी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

# देहरादून : पेड़ से टकराया डंपर दो लोगों की मौत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 15 अप्रैल : देहरादून से सड़क हादसे की एक गंभीर घटना सामने आ रही है। यहां पर एक डंपर अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया जिसमें चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई है। हादसा प्रेमनगर का बताया जा रहा है। प्रेम नगर से सेलाकुई जा रहा रेत से लदा डंपर धूलकोट में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर चालक और उसके हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों सहसपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

पुलिस के अनुसार हादसा बीते दिन सुबह साढ़े चार बजे प्रेमनगर क्षेत्र में हुआ। थाने पुलिस को सूचना मिली कि धूलकोट के जंगल में एक डंपर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया है। जिसमें डंपर चालक और हेल्पर की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन से शवों को निकाला। डंपर प्रेमनगर क्षेत्र में धर्मकांटे से रेत का तौल कराकर सेलाकुई की ओर जा रहा था। इस दौरान धूलकोट के वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया।

# क्वांसी -डामटा मोटर मार्ग पर लोडर दुर्घटनाग्रस्त, चार घायल

विकासनगर। शादी समारोह में ग्राम सभा बिजनु के बिजनाड़ गांव जा रहा एक लोडर अनियंत्रित होकर सडक से नीचे बरोथा हाईस्कूल की छत पर पर जा गिरा। विद्यालय में अवकाश होने के चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया जबकि हादसे में चार लोग घायल हो गए। जिसमें दो गम्भीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। शुक्रवार सुबह क्वांसी डामटा मोटर मार्ग पर एक लोडर वाहन में सवार होकर सात लोग छमरौटा से ग्राम सभा बिजनु के खेड़ा बिजनाड़ में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान बरोथा हाईस्कूल के पास वाहन चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। जिससे लोडर वाहन अनियंत्रित होकर सडक से नीचे पलटकर हाईस्कूल की छत पर जा गिरा। जिससे स्कूल का एक कमरा और छत भी क्षतिग्रस्त हो गयी। शुक्रवार को अंबेडकर जयंती व बैशाखी का अवकाश होने के कारण स्कूल में छात्र छात्रायें नहीं थी। जियये बड़ा हादसा होने से टल गया। यदि स्कूल की छुट्टी न होती तो अनहोनी होने से इंकार नहीं किया जा सकता। लोडर दुर्घटना में सुभाष निवासी नौगांव, संदीप निवासी भंकरोली, रमेश निवासी छमरौटा व अरुण निवासी सहारनपुर घायल हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### नदारद कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की ग्रीणों ने मांग की

विकासनगर। राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बरोथा में तैनात कर्मचारियों के अस्पताल से नदारद रहने के सम्बंध में एक शिकायती पत्र स्थानीय ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को भेजकर कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों ने पत्र में लिखा है कि शुक्रवार सुबह बिजनाड़ जा रहा वाहन बरोथा के समीप दुर्घनाग्रस्त हो गया था, लेकिन एसएडी बरोथा में तैनात एक भी कर्मचारी उपस्थित नही था। जब तक एम्बुलेंस यहां पहुंची उस एक घण्टे के अंतराल में घायल सडक पर तड़पते रहे। ग्रामीणों आरोप है कि आये दिन कर्मचारी यहां से गायब रहते हैं। इस सम्बंध में पूर्व में भी शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र भेजने वालों में प्रधान सीडी बडकोटी गजेंद्र सिंह, सात खत किसान संगठन के अध्यक्ष यशपाल सिह रावत, शूरवीर सिह, रमेश चौहान, वीरेंद्र सिह, मायाराम, जीवन सिह, नरेश सिह, यशपाल, सिह, सुरेंद्र जसवीर शामिल रहे।

### विधायक चौहान ने छात्रों का आमरण अनशन समाप्त कराया

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में बीएड के छात्रों का बीते तीन दिन से चल रहा आमरण अनशन शुक्रवार को विधायक मुन्ना चौहान ने समाप्त कराया। विधायक ने अनशन पर बैठे छात्रों को जूस पिलाकर उनकी समस्या का जल्द समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। बीएड विभाग के छात्रों समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति के आवेदन विभाग ने निरस्त कर दिए थे, जिसका कारण महाविद्यालय के बीएड पाठ्यक्रम को श्रीदेव सुमन विश्व विद्यालय की संबद्धता नहीं मिलना बताया गया। इससे नाराज छात्रों ने 11 अप्रैल से महाविद्यालय परिसर में आमरण अनशन शुरु कर दिया था। गुरुवार रात को अनशन कर रहे छात्रों की तबियत बिगडने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस, तहसील प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्रों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी, लेकिन छात्र अनशन स्थल नहीं छोडने पर डटे रहे। शुक्रवार सुबह तहसील प्रशासन की टीम और महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ विधायक छात्रों से वार्ता करने पहुंचे। विधायक ने छात्रों की समस्याओं का जल्द निराकरण करने का आश्वासन देते हुए उन्हें जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त कराया। जिसके बाद छात्रों को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय भेज दिया। प्राचार्य प्रो. गोविंदराम सेमवाल ने बताया कि विधायक के आश्वासन पर छात्रों ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी है।

### अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

अल्मोड़ा। फायर स्टेशन अल्मोड़ा में शुक्रवार को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। सेवा दिवस पर दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और साल 2022 में शहीद हुए फायर सर्विस कर्मियों के नाम पढ़े गये। शहीदों के योगदान और सेवा भावना के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सीओ ऑपरेशन ओशिन जोशी ने अग्नि सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी उमेश चंद्र परगाई ने बताया कि 1944 में मुंबई में जहाज में अचानक आग लग गई थी। अग्निकांड के दौरान हुए विस्फोट में अग्निशमन का कार्य करते कई कर्मचारी शहीद हो गए थे। तब से उन शहीदों की याद में हर साल 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है।

### बैसाखी पर रामपादुका में सैकड़ों लोगों ने किया गंगा स्नान

चौखुटिया। बैसाखी पर्व पर मासी के रामपादुका के निकट स्थित राम मंदिर परिसर में विभिन्न अनुष्ठानों, गंगा स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने रामगंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर राम के चरणों में जलाभिषेक किया। इस मौके पर जनेऊ, मुंडन व चूड़ाकर्म संस्कार समेत सामूहिक पूजा पाठ संपन्न कराये गये। यहां मंदिर समिति के अध्यक्ष भगवत सिंह बिष्ट, कैलाश तिवारी, चंद्र प्रकाश फुलोरिया, भगवत सिंह, गणेश पांडे, राजेश फुलोरिया, नाथूराम पांडे, हरीश पांडे आदि रहे।

### अल्मोड़ा में तीन और लोग हुए कोरोना संक्रमित

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में एक बार फिर कोरोना का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। शुक्रवार को भी जिले में तीन और मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि की गई है। तीन नए मरीज मिलने के साथ ही अब एक्टिव मरीजों की संख्या 18 पहुंच गई है। शुक्रवार को जिला अस्पताल समेत बेस अस्पताल में 24 मरीजों की कोरोना जांच की गई। जिसमें जिला अस्पताल में एक ओर दो मरीज बेस अस्पताल में जांच में पॉजिटिव पाए गए ।

# एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का किया शुभारम्भ





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी , 15 अप्रैल , प्रत्येक वर्ष की भाँति 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देशन में कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की परवाह किए बगैर देश के नागरिकों की सुरक्षा करते हुए देश की आन बान और शान के लिए शहीद होने वाले दिवंगत फायर सर्विस कार्मिकों को फायर स्टेशन कोटद्वार में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल मय फायर कार्मिकों, फायर यूनिट श्रीनगर में क्षेत्राधिकारी श्रीनगर श्याम दत्त नौटियाल मय फायर कार्मिकों एवं फायर स्टेशन पौड़ी में समस्त फायर कार्मिकों द्वारा श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि देकर 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे बन्दरगाह में एक जहाज पर अचानक आग लग गई, जिसमें काफी मात्रा में विस्फोटक एवं युद्ध उपकरण रखे हुये थे। इस भीषण अग्निकाण्ड पर काबू पाने के दौरान 66 अग्निशमन कार्मिकों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। तब से भारत सरकार ने 14 अप्रैल को "अग्निशमन सेवा सप्ताह" के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया था। जो कालान्तर में 14-20 अप्रैल तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" के रूप में मनाया जाता है। जिसमें पूरे सप्ताह आगजनी की घटनाओं की रोकथाम एवं बचाव के सम्बन्ध में व्यासायिक/औद्योगिक संस्थानों, फैक्ट्रियों, होटलों, अस्पतालों एवं स्कूलों आदि में जाकर आमजन को जागरूक किया जाता है।

उन्होंने बताया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में विगत वर्ष-2022 में कुल 105 आगजनी की घटनायें घटित हुयी, जिनमें से 90 वनाग्नि की घटनायें तथा 15 अन्य अग्निकाण्ड की घटनायें घटित हुयी थी। जनपद फायर सर्विस कार्मिकों द्वारा उक्त स्थानों पर आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही अविलम्ब मय फायर उपकरणों के घटना स्थल पर पहुँचकर कड़ी मशक्कत एवं सूझबूझ के बाद आग पर काबू पाया गया। जिससे बड़े हादसे होने से टल गये और बड़ी जन-धन की हानि होने से बच गयी।

गत वर्ष जनपद में आगजनी की घटनायें अधिक हुयी हैं। जिसके लिये जनपद के समस्त अग्निशमन अधिकारियों को जनपद के सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकार ग्रामीणों को वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फायर सर्विस के वाहनों, कार्मिकों एवं गुरू राम राय स्कूल के छात्र-छात्राओं की रैली को प्रचार-प्रसार हेतु हरी झड़ी दिखाकर अग्निशम सप्ताह का शुभारम्भ कर रवाना किया गया। उक्त रैली पुलिस लाईन पौड़ी से रवाना होते हुये ऐजेन्सी चौक-कोटद्वार तिराहा-बस अड्डा- सम्पूर्ण बाजार क्षेत्र से होते हुये पुलिस लाईन तक निकाली गयी। रैली के दौरान फायर सर्विस कार्मिकों द्वारा आमजन को जागरूक करते हुये आमजन को आगजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता सम्बन्धी पम्पलेट भी वितरित किये गये।

# रानीखेत में चेतना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ा। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती रानीखेत नगर में चेतना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर अंबेडकर जयंती समारोह समिति की ओर से नगर में भव्य चेतना जुलूस और बाबा साहब की झांकी निकाली गई। अपराह्न अंबेडकर पार्क में आम बैठक हुई। कांग्रेस और भाजपा ने भी कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि राजकीय चिकित्सालय रानीखेत के सर्जन डॉ. अशोक टम्टा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष कैलाश पांडे रहे। संचालन दिनेश टम्टा और बिंदु कोहली ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष आरसी आर्या सहित इंद्र लाल, एनपी आर्या, नवीन कोहली, रमेश राम, अनिल कुमार, अशोक कुमार, चंद्र प्रकाश, चंद्र शेखर, वीरेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**समिति सदस्यों ने किया रक्तदान**

रानीखेत। अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में समिति के सदस्यों ने रानीखेत नगर के राजकीय चिकित्सालय में रक्तदान भी किया। महेश आर्या, शिक्षक हेम चंद्र, भूपेंद्र आर्या, मानस आर्या, यशवंत कुमार आदि ने रक्तदान किया।

**भाजपा बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए**

रानीखेत। अंबेडकर जयंती पर भाजपा रानीखेत मंडल के विभिन्न बूथों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के सुभाष चौक में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, महामंत्री उमेश पंत ,दीप भगत, मोहन नेगी, भावना पालीवाल, रेखा पांडे, दर्शन सिंह, देवी दत्त बिष्ट, शंकर दत्त बुधोड़ी, शौकत अली, यशस्वी पांडे, दीपांशु पालीवाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेश आर्य, सुनील आर्य, अमृत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कांग्रेस ने किया मिष्ठान वितरण**

रानीखेत। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रानीखेत नगर के गांधी पार्क में मिष्ठान वितरण किया। नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे, ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत, महिला जिलाध्यक्ष गीता पंवार, पूर्व प्रमुख रचना रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, व्यापार मंडल महिला उपाध्यक्ष नेहा माहरा, कुलदीप कुमार, हेमंत रौतेला, यतीश रौतेला, हिमांशु नैनवाल, हरीश राम, संजय सिंह बिष्ट, प्रमोद कुमार, नंद किशोर, पंकज कुमार, प्रकाश चंद्र, ललित आदि मौजूद रहे।

**आंबेडकर जयंती पर स्वच्छता कार्यक्रम**

अल्मोड़ा। ग्रीन हिल्स संस्था ने जयंती पर बाबा साहेब आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान संस्था की ओर से बलढौटी गंधेरा व उसके आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों से शहर को प्लॉस्टिक मुक्त रखने का संदेश दिया। स्वच्छता कार्यक्रम में संस्था की डॉ. वसुधा पंत, भूपेंद्र सिंह वाल्दिया, नमित जोशी, दीपक सिंह गैड़ा, दीपक जोशी, जयेश पंत, प्रियांशु कुटौला, हिमांशु त्रिपाठी, हिमांशु बिष्ट, हरीश गिरी, विजय आदि ने सहयोग किया।

**सल्ट में विचार गोष्ठी आयोजित**

सल्ट। भाजपा मछोड़ मंडल की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर देश को एक नई दिशा दी। वह हम सभी के प्रेरणा स्त्रोत हैं। यहां विधायक प्रतिनिधि सुरेश कड़ाकोटी, करन जीना, मंडल अध्यक्ष गुड्डी देवी, दिनेश मनराल, दीपक रावत, रमेश करगेती, बलवंत तडियाल, चंदन तडियाल, महेश सिंह, ईश्वरी दत्त, आनंद सिंह, आनंद तडियाल, सुंदर सिंह, गोविंद सिंह बिष्ट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**देघाट में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

स्याल्दे। आंबेडकर सेवा समिति चौकोट और देघाट की ओर से शुक्रवार को बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर नव युवक सांस्कृतिक समिति की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने आंबेडकर के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख करिश्मा टम्टा, प्रो. जगदीश चंद्र, सुनील टम्टा, डॉ. नवीन जोशी, आरआर आर्या, जगत राम, पनी राम, भुवन चंद्र, गिरीश चंद्र, कुंदन राम, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**भिकियासैंण में भी जयंती पर कार्यक्रम**

भिकियासैंण। भाजपा मंडल भिकियासैंण ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर शुक्रवार को नगर के त्रिवणी हॉल में गोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि बाबा साहब की भारतीय संविधान निर्माण में भूमिका को सदा याद किया जाएगा। कहा कि भारतीय संविधान का सुदृढ़ता पूर्वक संचालन आंबेडकर की देन है। यहां एसएस डंगवाल, भूपेंद्र सिंह, मदन मेहरा, गोपाल बिष्ट, भूपाल रौतेला, मनोहर सिंह, वीर सिंह, गोपाल जीना, सुरेंद्र सिंह, हरीश ध्यानी आदि रहे।

## संक्षप्ति खबरें

### विधायक ने मारिया स्कूल के नये शिक्ष सत्र का शुभारंभ किया

काशीपुर। मारिया स्कूल के नये शिक्षा सत्र का शुभारंभ शुक्रवार को विधायक आदेश चौहान, प्रबंधक जॉन चक्कनाट, काशीपुर मारिया स्कूल प्रधानाचार्य फादर विवियन, फादर जोमन टीए,फादर एंटनी, सिस्टर जेस्मी, संगीता ने किया। पहले दिन 81 बच्चों ने अक्षर ज्ञान हासिल किया। उन्होंने अक्षर, वर्ण लिखकर विधालय जीवन की शुरूआत की। इस दौरान सभी ने बाबा भीमराव आंबेडकर को भी याद किया और बैसाखी पर्व मनाया। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रधानाचार्य फादर जोमन की पीठ थपथपाई गई।

### लूट की झूठी सूचना देना व्यक्ति को पड़ा महंगा, हुआ चालान

काशीपुर। ट्रैक्टर लूट की झूठी सूचना देना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शिकायतकर्ता समेत चार लोगों को थाने ले आई। पुलिस ने उनका शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया। शुक्रवार को ग्राम भगवंतपुर निवासी अमीर सिंह ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी कि कुछ बदमाश उसके घर में घुस आए हैं। उन्होंने फायरिंग कर ट्रैक्टर लूटने का प्रयास किया। हमलावरों ने उनके साथ मारपीट भी की। सूचना पर एसआई कपिल कांबोज टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच करने पर पता चला मामला आपसी लेन-देन का था। पुलिस ने एक पक्ष के अमीर सिंह और दूसरे पक्ष के रजवंत सिंह, हरवंश सिंह, बब्लू को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एसआई ने बताया फायरिंग की सूचना झूठी थी।

### अग्नि दुघर्टना के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

काशीपुर। अग्निशमन एवं आपात सेवा सप्ताह के तहत बाजपुर रोड स्थित फायर स्टेशन में अग्नि दुर्घटना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी वंश नारायण यादव ने शोक परेड को फॉलिंग किया। शुक्रवार को एएसपी अभय प्रताप सिंह ने अग्नि दुघर्टना में शहीद हुए लोगों का नाम पढक़र उनका स्मरण किया। साथ ही शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने बताया 14 अगस्त, 1994 को मुंबई के डाक यार्ड में रुई और विस्फोटक सामग्री से भरे माल वाहक जहाज में आग लगने से 66 अग्निशमन कर्मचारी शहीद हो गए थे। उन्हीं की याद में यह सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने अग्नि सुरक्षा प्रचार के लिए लगे वाहनों को फायर स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा सप्ताह के तहल कर्मचारियों को मॉकड्रिल और अग्निशमन का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### बंद घर से लाखों की नकदी-जेवर चोरी

काशीपुर। डेयरी स्वामी के बंद घर का ताला तोडक़र चोर करीब दो लाख की नकदी और चार तोले सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। डेयरी स्वामी की सूचना पर आईटीआई पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। डेयरी स्वामी इकरार अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी द्रोण विहार ने आईटीआई थाना पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दी कि वह तीन दिन पहले सुल्तानपुरपट्टी घोसीपुरा में अपने मकान पर गया था। शुक्रवार को जब वह लौटा तो कमरों और अलमारी के ताले टूटे थे। घर का सारा समान बिखरा हुआ था। अलमारी में रखे दो लाख रुपये नकद और चार तोले के सोने के आभूषण गायब थे। इसके अलावा भी चोर घर का काफी सामान अपने साथ ले गए। आईटीआई थाना प्रभारी एके सिंह ने बताया 112 नंबर पर चोरी की सूचना मिली थी। आसपास के सीसीटीवी देखे जा रहे है। मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है।

# देवभूमि आएंगे रिकॉर्डतोड़ श्रद्धालु उत्साहित सरकार की तैयारी पूरी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 15 अप्रैल , देश भर से देवभूमि आने वाले हैं लाखों धार्मिक पर्यटक ... चार धाम में उमड़ेगा भक्तों का सैलाब ... मुख्यमंत्री ने बेहतरीन स्वागत की पूरी की तैयारी ... पर्यटन मंत्री भारी संख्या को आते देखकर हैं उत्साहित ... केदारनाथ के लिए अब तक 1,84,057 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है. इस संख्या के साथ केदारनाथ नंबर एक पर है. जबकि इसके बाद बदरीनाथ धाम का नंबर है.वहीँ गंगोत्री और यमुनोत्री में भी इस बार भारी संख्या में यात्रियों के आने की संभावना है।

आरामदायक और सुरक्षित चार धाम यात्रा के लिए राज्य सरकार ने लगभग सभी ज़रूरी इंतज़ाम कर लिए हैं। क्योंकि देवभूमि से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गहरी आस्था है और वो हमेशा यहाँ आते रहते हैं। ऐसे में उनका केदारनाथ का दौरा भी सम्भव हो सकता हैं जहाँ वो निर्माण कार्यों का मुआयना भी कर सकते हैं। बद्रीनाथ को भी दिव्य और भव्य बनाया जा रहा है। दोनों ही तीर्थ स्थलों को मास्टर प्लान के तहद नए स्वरुप में ढाला जा रहा है। जिसप युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं।

अब बात कर लेते हैं ऑनलाइन हो रहे रजिस्ट्रेशन की तो ये राज्य सरकार के लिए ये बेहद उत्साहित करने वाले आंकड़े हैं क्योंकि केदारनाथ के लिए अब तक 1,84,057 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है. बदरीनाथ धाम के लिए अब तक 1,51,955 तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं. गंगोत्री धाम के लिए 43,417 और यमुनोत्री धाम के लिए 23,132 तीर्थयात्री पंजीकरण करवा चुके हैं. पर्यटन मंत्रालय की ओर से जानकारी दी गई है कि तीर्थयात्रियों के पंजीकरण और जीएमवीएन की बुकिंग में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है...

उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज लगातार है हाई लेवल की बैठकों में पर्यटन, नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग, बीआरओ, पंचायत, खाद्य आपूर्ति, पेयजल और स्वास्थ्य विभाग सभी महकमों से यात्रा की तैयारियों का फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को चारधाम यात्रा से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश दे दिए हैं. चारधाम यात्रा के दौरान पुख्ता इंतजामात के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की ओर से भी मुआयना किया जा रहा है.

इधर सुरक्षा की बात करें तो उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए बदरीनाथ का दौरा कर चुके हैं। जहां उन्होंने हनुमान चट्टी में निरीक्षण करने के साथ ही यात्रा के दौरान बदरीनाथ में पुलिस थाना और माणा गांव में पुलिस चौकी संचालित करने के निर्देश दिए. इसके अलावा उन्होंने सीसीटीवी कैमरों को ऑफ सीजन में लाइव रखने के निर्देश दिए वहीँ यात्रा मार्गों के बेहतर सञ्चालन की हिदायत दे रहे हैं।

# दून में दिनदहाड़े हुई डकैती का दून पुलिस ने किया खुलासा, 5 गिरफ्तार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 15 अप्रैल : संदीप अग्रवाल पुत्र विनोद अग्रवाल निवासी 107 नेहरू कॉलोनी देहरादून में सूचना दी गई की दोपहर करीब 12:00 बजे चार अज्ञात बदमाशों द्वारा चाकू व तमंचे की नोक पर उनके घर में घुसकर उनकी माता सुनीता अग्रवाल, पिता विनोद अग्रवाल व बहन रश्मि अग्रवाल को डरा धमका कर उन्हें बंधक बनाते हुए उनसे सोने के जेवरात व नकदी लूट कर ले गए हैं। जिस पर तत्काल थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर उच्चाधिकारियों को घटना के संबंध में सूचना दी, सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी गणों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, घटना के सम्बन्ध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना नेहरू कॉलोनी पर अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध मु0अ0सं0: 124/23 धारा: 395, 452, 342, 412, 35 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

दिनदहाडे हुई डकैती की घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा घटना के शीघ्र खुलासे व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध सर्वेश पंवार व पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल के नेतृत्व में कुल 08 अलग-अलग टीमें गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया गया तो ज्ञात हुआ कि एक एक्टिवा व एक अपाचे मोटरसाइकिल में सवार चार लोग वादी के घर के अंदर घुसे और उनके द्वारा शातिराना अंदाज में गाड़ियां दूर खड़ी कर घटना को अंजाम दिया गया, इसके अतिरिक्त एक अभियुक्त निगरानी हेतु घर के पास ही रुक गया । घटना कारित करने के मात्र 10 मिनट के पश्चात सभी अभियुक्त मोटरसाइकिल व एक्टिवा में फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेजों के अवलोकन करने पर उक्त वाहनों की नंबर





प्लेट पर काली टेप चढ़ा होना पाया गया, जिस कारण वाहनों को ट्रेस कर पाना काफी मुश्किल था। गठित टीम द्वारा घटना के सम्बन्ध में जनपद देहरादून, हरिद्वार तथा मुजफ्फरनगर के लगभग 450 सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया गया तो ज्ञात हुआ कि घटना से पूर्व कुछ लोगों द्वारा घर की भली-भांति रैकी की गई थी। सीसीटीवी फुटेजों के अवलोकन से पुलिस को कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के फोटोग्राफ प्राप्त हुए, जिनकी तलाश में पुलिस टीम द्वारा जनपद हरिद्वार, बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर ,दिल्ली इत्यादि स्थानों पर अपने गोपनीय सूत्रों से जानकारी की गई तो गोपनीय जानकारी से उक्त घटना में मुजफ्फरनगर के ग्राम पचेन्डाकला के बदमाशों के शामिल होने के गहन साक्ष्य मिले।

जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त गणों के सम्बन्ध में गोपनीय रूप से सूचना एकत्रित करते हुए मुखबिर की सूचना पर दिनांक: 13-04-2023 को घटना में संलिप्त 05 अभियुक्तों में से 04 अभियुक्तों 01-विपिन, 02-सचिन, 03-विकास व 04-अंकित को ग्रा0 पचेंडा कलां मुजफ्फरनगर तथा 01 अन्य अभियुक्त विकास जयसवाल को आईपीएल ऋषिकेश से गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लूट का समस्त सामान बरामद किया गया।

पूछताछ का विवरण: पूछताछ में अभियुक्त विपिन द्वारा बताया गया कि मैं देहरादून में अपने चचेरे भाई गुड्डू के पास अक्सर आता जाता रहता हूँ, जो Saint Annies स्कूल में काम करता है जो संदीप अग्रवाल का है। अपने चचेरे भाई से मैंने बातों-बातों में उसके मालिक के घर के बारे में कुछ जानकारी जुटाई थी क्योकि संदीप अग्रवाल एक नामी स्कूल चलाता है तथा वर्तमान में एडमिशन सीजन होने के कारण मुझे उसके घर पर लगभग 40 से 50 लाख रू0 तक मिलने की उम्मीद थी, इसलिए मैंने उसके घर में डकैती डालने का प्लान बनाया था। इस प्लान को मैंने अपने अन्य साथियों सचिन, अंकित तथा विकास को भी शामिल किया था। फिर हमने करीब 10 दिन पहले आकर घर की रेकी की थी व उसके दो दिन बाद ही घटना करने आये थे, किन्तु उस दिन उनके घर के बाहर काफी मजदूर काम कर रहे थे, जिस कारण हम वापस चले गए। 10 तारीख को हम लोग एक्टिवा व अपाचे मोटर साइकिल से देहरादून आये पर उस दिन भी मौका न मिलने के कारण हम ऋषिकेश में हमारे गांव के रहने वाले विकास जायसवाल के पास चले गये, जो पहले दिल्ली रहता था और वर्तमान में ऋषिकेश क्षेत्र में किराये पर रहकर एक होटल चलाता है। विकास जयसवाल को हमने अपनी योजना के बारे में बताया तो वो भी हमारी इस योजना में शामिल हो गया। विकास जयसवाल के कमरे में जगह कम होने के कारण मैं उसके कमरे में रुक गया व मेरे अन्य साथी विकास, सचिन और अंकित भानियावाला में काइट (ज्ञप्ज्म)होटल में रुक गए। 11 तारीख को सुबह हम सब लोग प्लान के मुताबिक एक्टिवा व अपाचे बाइक में सीधे देहरादून नेहरु कॉलोनी SBI वाली गली में स्थित उक्त घर में पहुंचे जिसकी हमारे द्वारा पहले ही जानकारी जुटा ली गयी थी। हमने बाइक को घर से थोडी दूर एक पार्क के पास खड़ा किया व एक्टिवा सीधे घर के पास ले गए। विकास घर के बाहर रहा और हम चारों लोग घर में घुस गए व वहां मौजूद 2 महिलाओं ,एक बुजुर्ग को हमारे पास मौजूद तमंचे व चाकू से डराते हुए उन्हें बंधक बनाकर उनसे उनके पहने हुये जेवरात अंगूठी, कड़े व कान के टॉप्स तथा लगभग 6-7 हज़ार रूपये नगदी ले ली। हम घर पर अलमारी आदि चेक कर पाते इससे पहले ही उपरी मंजिल से एक महिला चिल्लाने लगी तो हम लोग डर कर वहां से भाग निकले। .उसके बाद हमने कैमरों से बचने के लिए अपने कपडे बदले और सीधे ऋषिकेश चले गए, जहाँ हमने विकास को छोड़ा व उसे उसके हिस्से की एक अंगूठी दी और बैराज घूमते हुवे सीधे अपने गावं आ गए, जो पैसे हमने लूटे थे वो हमारे खाने पीने में खर्च हो गए.। हम जेवरात बेचने मुजफ्फरनगर गए थे किन्तु बिना बिल के किसी ने उन्हें नहीं खरीदा तो हम वापस घर जा रहे थे कि इस दौरान ही पुलिस ने हमे पकड लिया।

*नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

1- विपिन पुत्र कृष्णपाल, निवासी पचेन्डाकला थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर 2- विकास पुत्र रणजीत, निवासी उपरोक्त 3- सचिन पुत्र रामगोपाल, निवासी उपरोक्त 4- अंकित पुत्र अशोक, निवासी उपरोक्त5- विकास जयसवाल पुत्र विक्रम सिंह निवासी ए-2/190/44 अमर कॉलोनी ईस्ट गोकुलपुर देहली 94

बरामदगी का विवरण

-1- 04 अगूठी सोने की2- 04 चूड़ी सोने की3- 02 कान की बाली सोने की4- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस5- 02 चाकू घरेलू इस्तेमाली6- अपाचे मोटरसाइकिल नं0 PB 65 AA 4480 7- एक्टिवा नं0: DL8S CQ 3248

# काठगोदाम पुलिस ने 1 व्यक्ति को लाखों की चरस के साथ किया गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पंकज भट्ट , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को ₹ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025₹ के अंतर्गत नशीले पदार्थों की तस्करी के संदर्भ में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पर हरबंस सिंह पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी ,भूपेन्द्र सिंह धोनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण में प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम एवं उनकी एन्टी ड्रग्स टीम एवं नैनीताल एसओजी द्वारा ड्रग्स /स्मैक एवं चरस के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये की जा रही है। चैकिंग के दौरान 01 व्यक्ति को चरस की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया है ।थानाध्यक्ष काठगोदाम प्रमोद पाठक ने बताया कि पुलिस टीम स्टेडियम गौलापार के पास चैकिंग कर रही थी, 01 व्यक्ति संदिग्ध जो कि पुलिस टीम को देखकर रूक गया तथा वापस मुड़कर चलने लगा , शक होने पर उ0नि0 फिरोज आलम द्वारा उक्त व्यक्ति को स्टेडियम के पास रोकर हाथ में पकड़े थैले के बारे में पूछने पर कि थैले में क्या है तो कहने लगा इसमें धूप बत्ती है। शक होने पर थैले को खोलकर चैक करने पर कुल 132 रॉड जो प्रत्येक राड को अलग-अलग पन्नी से धुप बत्तीनुमा पैक किया गया था। सख्ती से पूछताछ करने पर युवक टूट गया तथा बताया कि लालच में आकर मुनाफे के चक्कर में मैंने यह चरस सस्ते दामों में खरीद ली थी जिसे आज महंगे दामों में बेचने जा रहा था। उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर एफआईआर न0 49/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।



# पछुवादून में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

विकासनगर। पछुवादून में राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के साथ ही शिक्षण संस्थानों में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। आंबेडकर की प्रतिमा और चित्रों पर माल्यार्पण पर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से हरबर्टपुर में लेहमन पुल के पास संगोष्ठी आयोजित की। मुख्य वक्ता समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास ने कहा कि बाबा साहेब सर्वसमाज के नेता थे, लेकिन तत्कालीन राजनैतिक परिदृश्य में उन्हें दलितों का नेता प्रचारित कर उनकी राजनैतिक आभा को कम करने की कोशिश की गई। कहा कि दलितों व पिछड़ों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए किए गए संघर्ष को संकीर्ण दृष्टि से देखा गया। विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि आंबेडकर को किसी समाज विशेष से जोडना उनकी दार्शनिकता और राजनैतिक आभा को कम करना है। तत्कालीन परिस्थितियों में राजनैतिक स्वार्थ के चलते उन्हें समाज विशेष से जोड़ा गया, जबकि भारतीय राजनीति में उनका योगदान सर्व समाज के लिए बराबर था। कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को कभी उचित सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस से अलग होने के बाद लोक सभा चुनाव में कांग्रेस ने उनके खिलाफ प्रत्याशी खड़ा किया जबकि भाजपा ने उन्हें अपना समर्थन दिया। विधायक ने कार्यकर्ताओं को बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी।

## संपादकीय

# वैश्विक ऋण की समस्या

ऐसे कम-से-कम 21 देश हैं, जो अपने कर्ज के किस्तों को या तो चुका पाने में असमर्थ हो रहे हैं या फिर उन कर्जों को फिर से तय करने का आग्रह कर रहे हैं, ताकि फिलहाल उन्हें कुछ राहत मिल सके. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जी-20 समूह के अध्यक्ष होने के नाते भारत की यह मुख्य प्राथमिकता होगी कि इस ऋण संकट का ठोस समाधान निकले. यह बात उन्होंने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में इस मुद्दे पर हुई बैठक के सह-प्रमुख के रूप में कही. बैठक के अन्य दो सह-प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के मुखिया थे. उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले भारत में हुई जी-20 समूह के वित्त मंत्रियों के सम्मेलन में भी इस मसले पर चर्चा हुई थी. हाल के समय में कोरोना महामारी से उत्पन्न चुनौतियों, आपूर्ति शृंखला में अवरोध, विभिन्न भू-राजनीतिक संकट तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पैदा हुए खाद्य एवं ऊर्जा संकट ने वैश्विक संप्रभु ऋण की समस्या को गंभीर बना दिया है. बीते सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जियेवा ने जानकारी दी थी कि 15 प्रतिशत निम्न आय वाले देश कर्ज के बोझ से दब चुके हैं और उन्हें तत्काल राहत मुहैया कराने की जरूरत है. ऐसे अन्य 45 प्रतिशत देश संकट के कगार पर हैं तथा उभरती अर्थव्यवस्थाओं में एक-चौथाई देशों के सामने खतरा गंभीर होता जा रहा है. ऐसी स्थिति में स्वाभाविक रूप से बहुत से देश आगामी दिनों में कर्जों की पुनर्संरचना की मांग कर सकते हैं क्योंकि उनके लिए किस्तों को तय समय पर चुका पाना मुश्किल होता जा रहा है. पहले से ही राहत के अनेक आवेदन वैश्विक संस्थाओं तथा बड़े देनदार देशों के सामने लंबित हैं. उनके निपटारे में हो रही देरी से उन देशों की हालत और खराब हो रही है. अपने आर्थिक संकट से उबरने की कोशिश में वैसे देशों को या तो अनुदान मांगना पड़ रहा है या नये कर्ज हासिल करने की जुगत लगानी पड़ रही है. चूंकि उनकी हालत ठीक नहीं है, तो उनके लिए नये ऋण मिलना भी मुश्किल है. उदाहरण के लिए, हम अपने दो पड़ोसी देशों- श्रीलंका और पाकिस्तान- को देख सकते हैं.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# मैनफेस्ट की डीजे नाइट में देर रात तक थिरकते रहे छात्र

विकासनगर। दून बिजनेस स्कूल में आयोजित मैनफेस्ट-2023 के दूसरे दिन शुक्रवार को वॉर ऑफ बैंड्स मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों की म्यूजिक बैंड्स टीम ने अपनी गायन शैली का जलवा बिखेरा। इसके साथ ही देर शाम तक कई शैक्षणिक प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुईं। दूसरे दिन सुबह डेविल एडवोकेट, इन्वेस्टट्रिक्स, बिजनेस प्लान, ऐड मेड, ब्रांड ऐड, डम्ब सारद, केस स्टडी, ग्रेफिटी, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही नृत्य, गायन प्रतियोगिता में भी जलवा दिखाया। बावजूद इसके प्रत्येक छात्र-छात्रा को शाम होने का बड़ी बेसब्री से इंतजार था। शाम ढलते ही डीजे नाइट में छात्र-छात्राओं ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शनकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। पाश्चात्य धुनों के साथ ही बॉलीवुड फ्यूजन पर भी युवा देर रात तक नाचते रहे। देश भर के कई विख्यात म्यूजिक बैंड्स ने भी अपनी प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं को देर रात तक थिरकने पर मजबूर किया। समारोह की मुख्य अतिथि एसके एजुकेशनल ट्रस्ट की सचिव सत्या देवी ने छात्र-छात्राओं के बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में अपना लक्ष्य तय करके आगे बढने की सलाह दी। संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि छात्र अपने काम की तरफ अगर एकाग्र होकर बढ़ें तो जीवन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं। समाज के उत्थान में भागीदारी से न सिर्फ समाज पर बल्कि खुद के व्यक्तित्व पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। छात्र अपने कार्य और स्वभाव से समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करने की क्षमता रखते हैं। इस दौरान ट्रस्टी डॉ अंजुम अग्रवाल, संस्थापक मोहित अग्रवाल, डीन डॉ. निखिल, प्राचार्य आईजी गुलाटी, एसोसिएट डीन नवज्योति सिंह नेगी, मनीषा वर्मा, नवीन भरद्वाज आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विमान कंपनी के कर्मचारी की संदिग्ध मौत

ऋषिकेश। एक निजी विमान कंपनी में कार्यरत कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव हिमालयन गेट के पास एक पेड़ के नीचे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने प्रथमदृष्टया युवक के आत्महत्या का दावा किया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक झबरावाला निवासी 27 वर्षीय हरसिमरन का शव सुबह मिला। हिमालयन गेट के आसपास के दुकानदारों ने पुलिस को यह सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश शाह ने बताया कि पुलिस जांच में जहरीला पदार्थ खाने की वजह से मौत होना प्रतीत हो रहा है। बावजूद, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट में ही मौत की सही वजह स्पष्ट हो पाएगी। इस बाबत हरसिमन के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

### ऋषिकेश में वीकेंड पर लगने वाले जाम से मिली राहत

ऋषिकेश। श्यामपुर रेलवे फाटक और शहर में जाम से लोगों को राहत देने के लिए पुलिस का वीकेंड से जुड़ा नया ट्रैफिक प्लान शुक्रवार को लागू हो गया। इस दौरान रेलवे फाटक बंद होने से हाईवे पर वाहनों को दबाव बढ़ते ही बाहरी राज्यों के वाहनों को पुलिस ने नेपालीफार्म से भानियावाला के लिए डायवर्ट किया, जिससे स्थानीय लोगों को जाम से राहत मिली। डीजीपी अशोक कुमार के निर्देश पर प्लान के लिए क्रियान्वयन के लिए ट्रैफिक इंस्पेक्टर रविकांत भी मौके पर पहुंच गए। मुख्यालय से भी करीब 40 अतिरिक्त पुलिसकर्मी यातयात प्लान को लागू कराने के लिए मुस्तैद नजर आए। नेपालीफार्म से रूट डायवर्ट होने से बाहरी राज्यों के वाहन सवारों को 20 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय कर रानीपोखरी होते हुए ऋषिकेश पहुंचना पड़ा। जबकि नेपालफार्म से ऋषिकेश पहुंचने में मात्र दस किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। रूट डायवर्ट होने से वाहन चालकों को थोड़ी बहुत परेशानी हुई। उन्हें करीब दस किलोटर अतिरिक्त चलना पड़ा। वहीं, पर्वतीय इलाकों से आने वाले वाहनों को गरुड़चट्टी से होते हुए बैराज-चीला मार्ग से हरिद्वार भेजा गया। पुलिस की नई व्यवस्था से वाहनों को नेशनल हाईवे पर जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलती दिखी। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि वीकेंड के लिए यह फोर्स मिला है। बता दें कि, हर वीकेंड पर श्यामपुर और तपोवन क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए डीजीपी अशोक कुमार ने एम्स में टिहरी, पौड़ी व देहरादून के पुलिस अधिकारियों की बैठक की थी, जिसमें वीकेंड के लिए यह प्लान बनाया गया था।

### सौंग में नहाते समय 17 वर्षीय किशोर डूबा

ऋषिकेश। सौंग नदी में नहाने के लिए पहुंचा एक नाबालिग डूब गया। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से नाबालिग के शव को तलाश कर बाहर निकाला, जिसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजा गया। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत के मुताबिक शुक्रवार सुबह ग्रामसभा छिद्दरवाला निवासी 17 वर्षीय रंजीत पुत्र कमल सिंह रावत सौंग नदी में नहाने पहुंचा था। गांव के पास ही नदी में नहाते हुए अचानक वह पानी के तेज प्रवाह की चपेट में आकर डूब गया। चश्मदीदों की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस का दी। रंजीत की तलाश में सौंग में तलाशी अभियान चला, जिसमें कुछ देर बाद ही उसका शव नदी से बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। वहीं, घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने भी इस घटना में कई तरह के आरोप सिंचाई विभाग व अन्य पर लगाए हैं।

### स्वस्थ्य सचिव से की कर्मियों का स्थानांतरण व अटैचमेंट समाप्त करने की मांग

विकासनगर। तहसील चकराता क्षेत्र के अंतर्गत सात खत किसान संगठन ने स्वस्थ्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में बताया कि पीएचसी क्वांसी व बरोथा एसएडी के चार कर्मचारियों का स्थानांतरण व अटैचमेंट शहरी क्षेत्र में कर दिया गया है। जिससे इन अस्पतालों से जुड़े गांवों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलने के कारण लोगों को देहरादून व विकासनगर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। संगठन ने स्वास्थ्य सचिव से शहरी क्षेत्र में अटैच किये गये कर्मचारियों को तत्काल वापस उनके नियुक्ति स्थल पर भेजने की मांग की है। स्वास्थ्य सचिव को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बरोथा एसएडी में तैनात आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट को भंडारी बाग व वार्ड ब्वॉय को उपजिला चिकित्सालय विकासनगर में अटैचमेंट किया गया, जबकि पीएचसी क्वांसी में तैनात फार्मासिस्ट का स्थानांतरण देहरादून व वार्ड ब्वॉय का अटैचमेंट डाकपत्थर किया गया है। बताया कि एक वर्ष पूर्व क्षेत्र के शिक्षित लोगों के सहयोग से क्वांसी अस्पताल में ब्लड टेस्ट मशीन व ईसीजी मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई गयी। लेकिन अब कर्मचारियों का स्थानांतरण व अटैचमेंट करने से इन सुविधाओं का लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों स्वास्थ्य सचिव से मांग की है कि उक्त कर्मियों का स्थानांतरण व अटैचमेंट समाप्त कर इनको पूर्व में तैनात नियुक्ति स्थलों पर भ्भेजा जाय। जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र की जानता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में संगठन के अध्यक्ष यशपाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष महाबल सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष सुरेश चौहान, सचिव वृजेश कुमार जोशी, सहसचिव राजेंद्र सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी सूर्यपाल सिंह चौहान, संगठनमंत्री बलवंत सिंह, गुड्डू आदि शामिल रहे।

### बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारों में शबद कीर्तन से संगत हुई निहाल

विकासनगर। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा अजीतनगर में खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। हुजुरी रागी जत्था ने शबद, कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की ओर से लंगर दिया गया। शबद-कीर्तन की शुरुआत हुजूरी रागी ज्ञानी जगदीप सिंह ने की। इसके बाद पांवटा साहिब के रागी ज्ञानी शुभदीप सिंह ने रसभरे कीर्तनों से संगतों को निहाल किया। उनके द्वारा गायन किए गए शबद 'खालसा अकाल पुरख की फौज... को संगत ने बहुत आनंद से श्रवण किया। इस दौरान बोले सो निहाल, सत अकाल के नारों से गुरुद्वारा हाल गुंजायमान हो गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार गुरजीत सिंह जी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने देश धर्म की रक्षा के लिए जैसे अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। इसकी कोई दूसरी मिसाल न कभी थी और न कभी होगी। इस अवसर पर गतका पार्टी द्वारा शस्त्र विद्या के हैरतअंगेज जौहर दिखाए गए। कीर्तन करने पहुंचे हजूरी रागी जत्थे को सिरोपा भेंट कर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से विशेष सम्मान दिया गया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सेक्रेटरी सरदार हरविंदर सिंह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रताप सिंह काला, बचित्तर सिंह, दशमेश सेवक जत्था के अध्यक्ष सरदार नरेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह बाली, बलजीत सिंह, हरमीत सिंह, इंद्रपाल सिं अमरजीत सिंह, कंवलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया सीडीएस जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का अनावरण तथा स्मारक का लोकार्पण




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कनक चौक, देहरादून में देश के पहले सीडीएस जनरल पद्म विभूषण बिपिन रावत की प्रतिमा तथा स्मारक स्थल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल विपिन रावत की स्मृति को चिरस्थायी बनाये जाने के लिये प्रदेश की किसी बड़ी परियोजना को नाम उनके नाम पर रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि यह भव्य प्रतिमा तथा स्मारक स्थल जनरल बिपिन रावत के शौर्य, अदम्य साहस और वीरता का स्मरण कराने के साथ ही युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करेगा। सीडीएस जनरल रावत की प्रतिमा तथा स्मारक स्थल का निर्माण एमडीडीए द्वारा लगभग 50 लाख की लागत से किया गया है।

मुख्यमंत्री ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी आकस्मिक मृत्यु से देश को जो अपूरणीय क्षति पहुंची है, उसकी भरपाई कभी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है तथा भारतीय सेना के गौरवमयी इतिहास में उत्तराखण्ड के सैनिकों का विशिष्ट योगदान रहा है। उत्तराखण्ड के युवाओं का सेना में शामिल होना प्रमुख प्राथमिकता रही है। सैन्य सेवा हमारे लिये मात्र रोजगार का अवसर नहीं, वरन देश एवं समाज के लिये जीवन समर्पित करने का उत्कृष्ट अवसर भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व.जनरल बिपिन रावत की मातृभूमि के लिए चार दशकों की निस्वार्थ सेवा असाधारण वीरता और रणनीतिक कौशल से परिपूर्ण थी। जीवन के अंतिम दिन तक वे केवल और केवल देश के लिए ही जीए। उनका सेनाध्यक्ष तथा प्रथम सीडीएस बनना ,ये स्पष्ट दर्शाता है कि वे कितने योग्य जनरल थे। सेना के तीनों अंगों के आधुनिकीकरण तथा देश को रक्षा आवश्यकताओं के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाये जाने हेतु स्व. जनरल बिपिन रावत द्वारा विशेष प्रयास किये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान उनका मार्गदर्शन सैनिकों के बहुत काम आया। उनके अनुकरणीय योगदान और प्रतिबद्धता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने वीरता के नए नए प्रतिमान स्थापित किए। देश के साथ - साथ उत्तराखंड से भी उनका बड़ा लगाव था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक पुत्र होने के नाते उनका भी सेना के प्रति जुड़ाव रहा है। बचपन में वे भी सेना का हिस्सा बनना चाहते थे। 2021 में जनरल बिपिन रावत को जब ज्ञात हुआ कि मेरे पिता महार रेजिमेंट में रहे हैं तो उन्होंने महार रेजिमेंट सेंटर सागर जाने का कार्यक्रम बनाने तथा स्वयं भी वहां जाने की इच्छा जतायी थी किन्तु इस दुखद घटना के कारण महार रेजिमेंट सागर के कार्यक्रम में उन्हें उनका सानिध्य नहीं मिल पाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सैनिकों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। देहरादून के गुनियाल गांव में प्रदेश के शहीदों की शहादत स्मृतियों को यादगार बनाने के लिये भव्य ₹शौर्य स्थल₹ (सैन्य धाम) का निर्माण किया जा रहा है। इस साल के अंत तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड राज्यधीन सेवाओं में शहीद सैनिक के आश्रितों को जिलाधिकारी कार्यालय में समूह 'ग' अथवा 'घ' में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति प्रदान करने का कार्य भी कर रही है, अभी तक करीब 23 आश्रितों को नियुक्ति दी जा चुकी है। साथ ही विभिन्न युद्धों व सीमान्त झड़पों तथा आंतरिक सुरक्षा में शहीद हुये सैनिकों की विधवाओं व आश्रितों को एकमुश्त दस लाख का अनुग्रह अनुदान भी अनुमन्य किया गया है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युद्ध विधवा या युद्ध में अपंग सैनिकों को दो लाख रुपए तक की आवासीय सहायता भी प्रदान भी की जा रही है। जबकि सैनिक विधवाओं की पुत्री एवं पूर्व सैनिकों की अनाथ पुत्रियों के विवाह हेतु एक लाख रूपये का अनुदान देने की भी व्यवस्था की गई है। सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के हितों के लिए हरसंभव मदद के साथ ही सैनिकों के सपनों का उत्तराखण्ड बनाना हमारा लक्ष्य है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं विधायक खजान दास ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा, जे.ओ.सी संजीव खत्री, उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. बंशीधर तिवारी, से.नि. मे.ज. जी.एस. रावत, मे.ज. आनन्द सिंह रावत,, जनरल विपिन रावत की दोनों पुत्रियां सुश्री कृतिका एवं तारिणी, सेना के अधिकारी एवं जवानों के साथ बड़ी संध्या में लोग मौजूद थे।

## नथुली महिला सशक्तिकरण संस्था ने निकाली मिलेट क्रांति साइकिल रैली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। नथुली महिला सशक्तिकरण संस्था ने मिलेट क्रांति साइकिल रैली निकाली। रैली के जरिए लोगों को मिलेट यानी मोटा अनाज खाने को जागरूक किया गया। शुक्रवार को स्वामी राम हिमलायन विवि जौलीग्रांट परिसर में मिलेट क्रांति साइकिल रैली को कुलाधिपति डॉ. विजय धस्माना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह रैली नथुली महिला सशक्कितकरण संस्था द्वारा निकाली गई है जो बीते रोज सीएम आवास से शुरू होकर विवि परिसर पहुंची थी। अब यह एसआरएचयू से प्रस्थान कर रही है। यह रैली चमोली के सीमांत गांव मुंदोली में संपन्न होगी। कहा कि लाइफ स्टाइल डिजीज के कारण कई बीमारियां होने लगी हैं। ऐसे में मिलेट (मोटा अनाज) हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। इसका दूसरा फायदा होगा कि पहाड़ की जो पारंपरिक खेती है उसको भी आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। नथुली महिला सशक्तिकरण संस्था की संस्थापक सुमन सेमवाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 2023 को मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। करीब 300 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को मोटे अनाज के फायदों के बारे में जागरूक करना है। मौके पर उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव पुष्पा मानस, कुलपति डॉ. विजेंद्र चौहान, डॉ. प्राची, डॉ. गरिमा, मधु बैरी, भूपेश जोशी, जगदीश चंद्र बावला, डॉ. आशा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## एयर इडिया के पूर्व डायरेक्टर ने की गंगा आरती

ऋषिकेश। पूर्णानंद घाट पर महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती लोगों को भा रही है। शुक्रवार को एयर इडिया के पूर्व डायरेक्टर और बोर्ड मेंबर डॉ. आमोद शर्मा गंगा आरती करने पूर्णानंद घाट पहुंचे। शुक्रवार को एयर इडिया के पूर्व डायरेक्टर और बोर्ड मेंबर डॉ. आमोद शर्मा, वैदिक शोध संस्थान दिल्ली के चेयरमैन आनंदमूर्ति, केके स्टॉक मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर प्रदीप रस्तोगी के साथ ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट पूर्णानंद घाट में आरती में पहुंचे। उन्होंने मां गंगा की आरती में हिस्सा लेकर मां का आशीर्वाद लिया। डॉ. आमोद शर्मा ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उपायों तथा लैंगिक असमानता पर ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट कार्य कर रही है। कहा कि 45 मिनट की पूर्णानंद घाट पर महिलाओं द्वारा गंगा आरती का बहुत ही मनोरम दृश्य होता है। आचार्य सोनिया राज ने कहा कि महिलाएं विशेषकर गृहणियां, परिवार के विकास की मुख्य धुरी हैं। यदि परिवार की महिलाएं शिक्षित, जानकार व समझदार होती हैं तो परिवार स्वतः ही चमक जाता है।

## जयंती पर बाबा साहब को किया याद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को याद किया। वक्ताओं ने लोगों से बाबा साहेब के विचारों का अनुशरण करने को प्रेरित किया। शुक्रवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के बैनर तले बस अड्डा परिसर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों को उनका अधिकार देने का कार्य किया है। जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों के सामाजिक उत्थान को लेकर कार्य कर रही है। इस दौरान सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर मेयर अनिता ममगाईं, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम किशन प्रधान, राकेश पारछा, भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र तडियाल, दीपक धमीजा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कविता शाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, संदीप गुप्ता, सुरेंद्र मोगा, पंकज शर्मा, राजकुमार राज, नंदकिशोर जाटव, सुभाष जाटव, अनुचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधे जाटव, पवन शर्मा, बृजेश वर्मा, विनय कंडवाल, चंद्रभान पाल, माधवी गुप्ता, भावना पांडे, जोरावर सिंह आदि उपस्थित रहे। उधर, उत्तराखंड दलित शोषित मंच ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आंबेडकर चौक पर लगी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मौके पर जतिन जाटव, प्रवीण जाटव, रामजी, हराचंद्र, सज्जन राम, कुनकुन साहनी, इंदू देवी, चनरी देवी, भीम सैनी, अतुल साहनी, त्रिलोकी नाथ तिवारी, विनोद कुलियाल, विनोद रतूड़ी, अनिल, मनीष जाटव, राकेश सिंह, आशुतोष शर्मा, हरिराम वर्मा, जुगल किशोर, रविंद्र पाल, मुकेश जाटव, विकास आदि उपस्थित रहे। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। मौके पर प्रो. वाईके शर्मा, डॉ. गौरव वाष्णेय, डॉ. धीरेन्द्र सिंह, प्रो. दिनेश शर्मा, प्रो. हेमलता मिश्रा, प्रो. नीता जोशी, डॉ. सीमा बेनिवाल, प्रशासनिक अधिकारी शकुन्तला शर्मा, जोतसिंह भण्डारी, विवेक राजभर, सुरेन्द्र नौडियाल आदि रहे।

## सूचना पट्ट पर सभासद का प्रस्ताव होगा शामिल

ऋषिकेश। मुख्य चौक पर अमर शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा के साथ लगी सूचना पट्ट पर सभासद मनीष कुमार धीमान का प्रस्ताव शामिल किया जाएगा। सभासद धीमान ने नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिए जाने पर सदन का आभार जताया। विदित हो कि डोईवाला नगर पालिका परिषद प्रशासन ने विगत 9 मार्च को नगर मुख्य चौक पर अमर शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा स्थापित की थी। साथ ही इस बाबत पालिका प्रशासन द्वारा एक सूचना पट्ट पर बोर्ड के प्रस्ताव का उल्लेख किया गया था। वार्ड नंबर एक के सभासद मनीष कुमार धीमान ने इस बाबत अपना प्रस्ताव बोर्ड मीटिंग में पहले लाने के बावजूद सूचना पट्ट में शामिल न करने का आरोप लगाते हुए उनके प्रस्ताव को सूचना पट्ट में शामिल करने की मांग की थी। बीती बुधवार को नगर पालिका की बोर्ड बैठक में यह मुद्दा उठाया गया। जिस पर सदन में सर्व सम्मति से उनके प्रस्ताव को नगर के मुख्य चौक पर स्थापित अमर शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा के साथ लगी सूचना पट्ट में शामिल करने का निर्णय लिया गया। सभासद मनीष कुमार धीमान ने कहा कि उन्होंने नगर मुख्य चौक पर सबसे पहले अमर शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा था, लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा सूचना पट में उनका प्रस्ताव शामिल नहीं किया था। इस मामले में पालिका की बोर्ड बैठक में उनके प्रस्ताव को सूचना पट्ट पर शामिल करने का निर्णय लिये जाने क्षेत्र की जनता वास्तविकता से रू-ब-रू हो सकेगी।

## बैसाखी पर गंगा स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु

ऋषिकेश। बैसाखी पर्व पर गंगा स्नान के लिए ऋषिकेश के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। तडक़े से शुरू हुए गंगा स्नान का सिलसिला शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना और दानकर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। शुक्रवार को बैशाखी के स्नान के लिए लोग तडक़े चार बजे से ही गंगा घाटों पर पहुंचने लगे थे। गंगा में दिनभर स्नान होता रहा। दोपहर दो बजे तक सैकड़ों लोगों ने गंगा में स्नान किया। इस दौरान लोगों ने सूर्य को अघ्र्य भी दिया। कई लोगों ने गंगा में नारियल भी बहाए। वहीं पुलिस की ओर से लोगों को नदी की तेज धारा की ओर से जाने से रोकने के लिए लाउडस्पीकर पर जानकारी दी जाती रही। पुलिस की ओर से त्रिणेणीघाट चौक, मुखर्जी मार्ग पर जाने वाले वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेटिंग लगा रखी थी। गंगातट पर प्रवाहित किए गए कपड़ों को कुंभ कलश में डाला जा रहा था। त्रिवेणीघाट पर प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं से श्रद्धालु संतुष्ट नजर आए।